पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल राम नाईक से मिले पूर्व राज्यपाल मोती लाल वोरा

लखनऊ: 1 मई, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री मोती लाल वोरा ने राजभवन में शिष्टाचारिक भेंट की। राज्यपाल श्री नाईक ने श्री वोरा को बताया कि राजभवन के पुराने अधिकारी एवं कर्मचारी आज भी उन्हें याद करते हैं। भेंट के दौरान दोनों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के साथ बिताये गये समय पर चर्चा करते हुये यादें ताजा की। श्री नाईक ने अपनी पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' की हिन्दी प्रति श्री मोती लाल वोरा को भेंट की।

श्री मोतीलाल वोरा ने राज्यपाल श्री राम नाईक की कार्यशैली की सराहना करते हुये कहा कि वे अच्छा कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि श्री मोती लाल वोरा 26 मई 1993 से 3 मई 1996 तक उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (159/35)


चरैवेति! चरैवेति!!
राम नाईक